>

Title: Regarding proper maintenance of mobile towers and to improve mobile connectivity in Nainital-Udhamsinghnagar Parliamentary Constituency, Uttarakhand.

एडवोकेट अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर): माननीय सभापति जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर बोलने का अवसर दिया ।

मान्यवर, उत्तराखण्ड में जितने भी पर्वतीय जिले हैं, उनमें मोबाइल टॉवर की बहुत ही गम्भीर समस्या बनी हुई है । यहाँ पर कॉमन सर्विस सेन्टर के काम भी नहीं हो पाते हैं, बच्चे भी ऑन-लाइन पढ़ाई नहीं कर पाते हैं । इस गम्भीर समस्या से कई लोगों को जूझना पड़ रहा है ।

मेरे ही लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत दो पर्वतीय विधान सभाएं- नैनीताल और भीमताल हैं । यहाँ की स्थिति भी बिल्कुल इसी तरह से बनी हुई है । जब हमने विभाग से बात की तो उन्होंने कहा कि आप अपने संसदीय निधि से 25 से 30 लाख रुपए दे दें, तो हम टॉवर लगा देंगे । लेकिन सांसद निधि बंद होने के कारण इस समय राशि दे पाना संभव नहीं था । अत: मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि उत्तराखण्ड के सभी पर्वतीय क्षेत्रों में, खासकर मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत भीमताल में ककोड़, पटरानी, कौन्ता, हरीशताल, चमोली, गाजा, लगूड़, ऐंठानी गाजा एवं कफरानी जैसे पर्वतीय क्षेत्रों में मोबाइल टॉवर लगे ही नहीं हैं और जो लगे हैं, वे काम नहीं करते हैं । इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूं कि यथाशीघ्र मोबाइल टॉवर ठीक किए जाएं और जहाँ मोबाइल टॉवर नहीं है, वहाँ पर लगाने की व्यवस्था की जाए ।